राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

शुभांशु शुक्ला के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने पर राज्यपाल की बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर 26 जून। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए गौरव की बात है। यह अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दृष्टि से बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्र इससे गौरवान्वित हुआ है।

उल्लेखनीय है कि शुभांशु से पहले 1984 में राकेश शर्मा ने रूसी सोयुज रॉकेट में बैठकर अंतरिक्ष का सफर तय किया था। राकेश शर्मा रूसी सैल्यूट स्पेस स्टेशन में गए थे। शुभांशु पहले भारतीय नागरिक हैं जो इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचे हैं।

.....